मांग संख्या 06

मुख्य शीर्ष 2054

मद क्रमांक 1

अम्बिकापुर (सरगुजा) में लेखा प्रशिक्षण शाला की स्थापना हेतु निम्नलिखित 6 नवीन पदों के सृजन पर ₹33.00 लाख का व्यय संभावित है:-

क्र.	पदनाम	वेतन मैट्रिक्स लेवल	पद संख्या
1	प्राचार्य	12	1
2	व्याख्याता	9	1
3	सहायक ग्रेड-2	6	1
4	सहायक ग्रेड-3	4	1
5	भृत्य	1	2
		योग	**6**

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹33.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 2

अम्बिकापुर (सरगुजा) में लेखा प्रशिक्षण शाला के फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण मद में 4.00 लाख तथा सूचना प्रौद्योगिकी मद में ₹1.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹5.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 3

संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा में ग्राम पंचायतों के ऑडिट कार्यो हेतु छत्तीसगढ़ लोक वित्त प्रबंधन परियोजना अंतर्गत परामर्श सेवाओं हेतु राशि ₹100.00 लाख तथा विशेष सेवाओं हेतु ₹10.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹110.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

मुख्य शीर्ष 2071

मद क्रमांक 4

पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप भविष्य के पेंशनरी दायित्वों के भुगतान के लिये निवेश हेतु ₹250,00.00 लाख की आवश्यकता है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹250,00.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

मुख्य शीर्ष 4070

मद क्रमांक 5

संचालनालय, पेंशन एवं भविष्य निधि के लिये 01 नवीन वाहन क्रय हेतु राशि ₹6.50 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹6.50 लाख का प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 6

संचालनालय, संस्थागत वित्त के लिये प्रतिस्थापन मद में 01 वाहन क्रय पर ₹6.50 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु नवीन शीर्ष खोलकर ₹6.50 लाख का प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 7

संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के लिये 03 नवीन वाहन क्रय हेतु राशि ₹19.50 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹19.50 लाख का प्रावधान किया गया है।

मद क्रमांक 8

संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा व अधीनस्थ कार्यालयों में छत्तीसगढ़ लोक वित्त प्रबंधन परियोजना अंतर्गत डेस्कटॉप, प्रिंटर व संबंधित उपकरणों के क्रय हेतु सूचना प्रौद्योगिकी मद में राशि ₹50.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹50.00 लाख का प्रावधान किया गया है।

मांग संख्या 67

मुख्य शीर्ष 4059

मद क्रमांक 9

कार्यालय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर तथा नवीन लेखा प्रशिक्षण शाला, अम्बिकापुर के नवीन कार्यालय भवन के निर्माण हेतु ₹36 लाख की आवश्यकता है तथा कार्यालय, उप कोषालय, दल्ली राजहरा के लिये नवीन भवन निर्माण हेतु ₹10.00 लाख की आवश्यकता है।

अतः इन प्रयोजनों हेतु कुल ₹46.00 लाख का प्रावधान किया गया है।